न्यायालय राजस्व अपील प्राधिकारी,भरतपुर
पीठासीन अधिकारीः– श्री जगदीश नारायण मथुरिया आर.ए.एस.
अपील संख्याः– 19/2012 (76एल. आर. एक्ट.)
आर.सी.एम.एस. नम्बरः– 2012/00142

1.हरगुन
2.अमरसिंह } पिसरान श्री टुण्डा जाति जाटव निवासी नगला मई तहसील नदबई जिला भरतपुर।

..............अपीलांट।

बनाम

1. राजस्थान सरकार द्वारा तहसीलदार नदबई जिला भरतपुर।

अपील विरूद्व जिला कलक्टर,भरतपुर निर्णय दिनांक 23.07.2012 मुकदमा नम्बर 25/2012 उनवान हरगुन बनाम सरकार।

अभिभाषक

1. **श्री महाराजसिंह डागुर अभिभाषक अपीलांट।**

निर्णय **दिनांकः–29.1.2018**

यह अपील अपीलार्थी द्वारा इस आशय से पेश की गयी है कि आराजी खसरा नम्बर 1211/0.01 , 1212/0.02 एंव 1213/0.01 वाके ग्राम नगला मई तहसील नदबई जिला भरतपुर में स्थित है। जिसे आगे विवादित आराजी कहा गया है। विवादित आराजी बाबत अधीनस्थ न्यायालय के निर्णय से असतुंष्ट होकर यह अपील पेश की गई है।

प्रकरण दर्ज रजिस्टर किया जाकर प्रत्यर्थीगण को तलब किया गया एंव अधीनस्थ न्यायालय की पत्रावली मंगाई गई।

बहस उभयपक्ष सुनी गई।

दौराने बहस वकील अपीलार्थी ने अपील के तथ्यों को दोहराते हुये निवेदन किया कि विवादित आराजी बाबत् अधीनस्थ न्यायालय में अपीलार्थी को वेदखल करने की आज्ञा प्रदान की है। जबकि अपीलार्थी का कब्जा केवल 1211, 1212 पर ही है और वह भी अपने पूर्वजो के जमाने से है। विवादित आराजी आबादी के बीच मे स्थित है जिसे विना सीमा ज्ञान कराये तय नही किया जा सकता। अतः अपील स्वीकार की जाकर अधीनस्थ न्यायालयो के आदेश अपास्त किये जावे।

सत्यमेव जयते
WebCopy - Not Official

बहस के परिपेक्ष्य में दस्तावेजात का अवलोकन किया गया। अधीनस्थ न्यायालय की पत्रावली से स्पष्ट है कि दोनो अधीनस्थ न्यायालयो द्वारा प्रक्रिया की दृष्टि से कोई त्रुटि नही की गई है। विवादित आराजी पर अतिक्रमण के द्वारा अतिक्रमी को कोई अधिकार प्राप्त नही होते है। यदि अपीलार्थी को मापन से सम्बन्धित कोई शिकायत है तो वह अपनी खातेदारी की भूमि का माप कराने हेतु स्वतंत्र है। अपील के माध्यम से अपीलार्थी को कोई राहत नही दी जा सकती । अतः दोनो अधीनस्थ न्यायालयो के निर्णय में किसी प्रकार की त्रुटि प्रकट नही होने से अपील अपीलार्थी खारिज की जाती है।

राजस्व अपील प्राधिकारी
भरतपुर

यह आदेश आज दिनांक 29.1.2018 को मेरे द्वारा लिखाया जाकर खुले न्यायालय में सुनाया गया।

राजस्व अपील प्राधिकारी
भरतपुर

सत्यमेव जयते
Web Copy - Not Official